पत्रांकः–15 सी 2–352/2019
बिहार सरकार
शिक्षा विभाग

प्रेषक,

अरशद फिरोज, बि०प्र०से०
उप सचिव।

सेवा में,

कुलसचिव,
वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय,
आरा।

पटना, दिनांक– 2019

विषयः पटेल महाविद्यालय, धोसियाँ,खुर्द, विक्रमगंज, रोहतास को संबंधन प्रदान करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा सी0डब्ल्यु0जे0सी0 संख्या 12869/2019 में दिनांक–27.06.2019 को पारित न्यायादेश के आलोक में आपके पत्रांक–126/C/Estab/09 दिनांक–03.02.2009 के द्वारा पटेल महाविद्यालय, धोसियाँ,खुर्द, विक्रमगंज, रोहतास को स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय (पास एवं प्रतिष्ठा) के पूर्व संबंधन विषयों में स्थाई संबंधन प्रदान करने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान करने का अनुरोध किया गया।

2. संबंधन से संबंधित राज्यपाल सचिवालय के पत्रांक 1098 दिनांक 19.04.1986 एवं अद्यतन संशोधित पत्रांक 3196 दिनांक 14.12.2017 में निहित शर्तों एवं बंधेजों के आलोक में उपलब्ध कराये गये अभिलेखों की विभागीय स्तर पर समीक्षोपरान्त राज्य सरकार द्वारा पटेल महाविद्यालय, धोसियाँ,खुर्द, विक्रमगंज, रोहतास विश्वविद्यालय के पत्रांक 126/C/Estab/09 दिनांक–03.02.2019 एवं दिनांक 13.09.2018 के द्वारा गठित निरीक्षण दल के प्रतिवेदन में अंकित आधारभूत संरचना के आधार पर स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय (पास स्तरीय) पूर्व संबंधन प्राप्त विषयों में चालू शैक्षणिक सत्र 2019–20 से प्रतिष्ठा स्तर का स्थायी संबंधन की स्वीकृति प्रदान की जाती है, तथा निदेश दिया जाता है कि विज्ञान संकाय के विषयों में प्रयोगशाला की उचित व्यवस्था एवं सुरक्षित कोष मद में निर्दिष्ट मापदंड के अनुरूप जमा राशि की संपुष्टि विश्वविद्यालय द्वारा किये जाने के बाद ही विश्वविद्यालय द्वारा नामांकन का आदेश निर्गत किया जायेगा।

विश्वासभाजन,

ह0/–
(अरशद फिरोज)
उप सचिव

ज्ञापांक 15/सी 2 352/2019 - 2533. पटना, दिनांक 6.11.2019.

प्रतिलिपिः प्राचार्य, पटेल महाविद्यालय, धोसियाँ,खुर्द, विक्रमगंज, रोहतास को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित एवं आई0टी0 मैनेजर, शिक्षा विभाग को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

उप सचिव

sonu sir/sambandhan

वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा
कुलसचिव
802 301 (बिहार)
Email Id- affiliationvksuarrah@gmail.com

पत्रांक ..........

दिनांक ..........

## अधिसूचना

निदेशानुसार पटेल महाविद्यालय, धुसियाँ खुर्द (बिक्रमगंज) को श्री अरशद फिरोज, उप सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार के पत्रांक-15/सी0-2-352/2019-2533 दिनांक-06.11.2019 के द्वारा कला, विज्ञान एवं वाणिज्य मे संकाय (पास स्तरीय) पूर्व संबंधन प्राप्त विषयों में चालू शैक्षिणिक सत्र-2019-20 से प्रतिष्ठा स्तरीय स्थायी संबंधन एवं श्री सतीश चन्द झा, विशेष सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार के पत्रांक-15/सी0 2-352/2019-2540 दिनांक-07.11.2019 के द्वारा कला संकाय (पास एवं प्रतिष्ठा) के 03 विषयो मे सत्र-2019-20 से अगले तीन सत्रों के लिए नव संबंधन प्रदान करने की सहमती प्रदान की है।

| संकाय | विषय | सत्र |
|---|---|---|
| कला संकाय(प्रतिष्ठा) | अंग्रेजी, हिन्दी, अर्थशास्त्र, इतिहास, दर्शनशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, भूगोल, मनोविज्ञान, उर्दू, समाजशास्त्र, प्राचीन इतिहास, गणित, संस्कृत एवं गृह-विज्ञान (कुल-14 विषय) | चालू सत्र-2019-20 से स्थायी संबंधन |
| विज्ञान संकाय (प्रतिष्ठा) | भौतिकी शास्त्र, रसायशास्त्र, गणित, प्राणिशास्त्र एवं वनस्पतिशास्त्र (कुल-05 विषय) | |
| वाणिज्य संकाय (प्रतिष्ठा) | सभी अनिवार्य विषयों में | |
| कला संकाय (पास एवं प्रतिष्ठा) | लोक प्रशासन, बुद्धिष्ठ अध्यन एवं पाली | सत्र-2019-20 से अगले तीन सत्रों के लिए अस्थायी नव संबंधन |

नोट- कला संकाय-792, विज्ञान संकाय-362 एवं वाणिज्य संकाय-225 सीट छात्र/छात्राओं के नामांकन हेतु निर्धारित है। निर्धारित सीट से अधिक नामांकन लेने पर उन छात्र/छात्राओं का पंजीयन एवं परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए विश्वविद्यालय उत्तरदायी नही होगा।

विश्वासभाजन
ह0/-
कुलसचिव

ज्ञापांक- C/1414/Estab/21

दिनांक- 27/07/21

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ प्रेषित :-

1. प्रभारी प्राचार्य, पटेल महावि0, धुसियाँ खुर्द, विक्रमगंज(रोहतास)।
2. अध्यक्ष, छात्र कल्याण, वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय आरा।
3. परीक्षा नियंत्रक, वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा।
4. पंजीयन शाखा, वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा।
5. माननीय कुलपति का कार्यालय, वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय,आरा।

Sunil Kumar 27.7.21
महाविद्यालय निरीक्षक

27.07.21
कुलसचिव
वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा।
Tiwari 27/07/21

# वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा

802 301 (बिहार)
Email Id- affilationvksuarrah@gmail.com

कुलसचिव

पत्रांक .................. दिनांक ......

सेवा में,

निदेशक (उच्च शिक्षा)

शिक्षा विभाग, बिहार सरकार, पटना।

**विषयः-पटेल महाविद्यालय, रामवृक्ष नगर, घूसियाँ खूर्द, रोहतास को स्नातक कला संकाय के तीन विषयों में पास/प्रतिष्ठा स्तरीय शैक्षणिक सत्र-2022-25 से स्थायी संबंधन की सहमति के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में सूचित करना है कि पटेल महाविद्यालय, रामवृक्ष नगर, घूसियाँ खूर्द, रोहतास को स्नातक कला संकाय में पास/प्रतिष्ठा स्तरीय स्थायी संबंधन से सम्बन्धित प्राप्त आवेदन/प्रस्ताव के आलोक में संबंधन एवं नवीन पाठ्यक्रम समिति की बैठक दिनांकः 18.12.2021 के द्वारा कला संकाय के लोक प्रशासन, बुद्धिष्ट अध्ययन एवं पाली कुल-03 विषयों में पास/प्रतिष्ठा स्तरीय स्थायी संबंधन की अनुशंसा की गयी है। विद्वत परिषद् की बैठक दिनांक 20.12.2021 के मद सं०-05 में एवं अभिषद् की बैठक दिनांकः 24.12.2021 के मद संख्या 06 के अन्तर्गत उक्त विषयों में पास/प्रतिष्ठा स्तरीय शैक्षणिक सत्र-2022-25 से स्थायी संबंधन प्रदान करने की अनुशंसा की गयी है, जिसका अनुमोदन अधिषद् की बैठक दिनांक 07.01.2022 के मद सं० 07 के अन्तर्गत किया गया है।

अतः उक्त निर्णय के आलोक में जाँच समिति, संबंधन समिति की अनुशंसा, विद्वत परिषद् की अनुशंसा, अभिषद् के निर्णय एवं अधिषद् का अनुमोदन, सम्बन्धन से सम्बन्धित प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर प्रासंगिक महाविद्यालय को शैक्षणिक सत्र- 2022-25 से स्नातक कला संकाय के उक्त अंकित विषयों में पास/प्रतिष्ठा स्तरीय स्थायी संबंधन की सहमति हेतु प्रेषित है।

विश्वासभाजन

ह/०

कुलसचिव

ज्ञापांक C/77/Estab/2022 दिनांक 14.01.2022

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित-**

1. प्रभारी प्राचार्य/सचिव, पटेल महाविद्यालय, रामवृक्ष नगर, घूसियाँ खूर्द, रोहतास ।
2. कुलपति/कुलसचिव का कार्यालय, वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा।

13.01.22

महाविद्यालय निरीक्षक

13.01.22

कुलसचिव

वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा

13/01/22

Affiliation Letter\2022\Jan\Page - 27